उत्तर प्रदेश शासन
नियोजन अनुभाग-1
संख्या: 33/2020/09बु0वि0बो0./35-1-2020-8/1(10)/2018
लखनऊ: दिनांक : 29 अप्रैल, 2020

कार्यालय-ज्ञाप

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिये नियोजन अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 31/2018/147 बी.पी./35-1-2018-8/1(10)/2018 दिनांक 28 दिसम्बर, 2018 द्वारा पूर्णतया परामर्शी संस्था के रूप में बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड गठित किया गया है। उक्त कार्यालय ज्ञाप द्वारा गठित बोर्ड में निम्नलिखित पद को सम्मिलित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) सलाहकार -- 01 (अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का पर्याप्त विशिष्ट अनुभव रखने वाले ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नामित किया जायेगा।)

(2) संयोजक -- मण्डलायुक्त, झाँसी मण्डल, झाँसी (बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के क्रिया-कलापों हेतु समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करने तथा अन्य आवश्यक कार्यो हेतु)

2- मा0 मुख्यमंत्री जी की अनुमति से बोर्ड के स्वरूप/क्रियाकलापों में यथावश्यक संशोधन/ परिमार्जन किया जा सकेगा।

3- बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के गठन से संबंधित कार्यालय ज्ञाप संख्या: 31/2018/147 बी.पी./35-1-2018-8/1(10)/2018 दिनांक 28 दिसम्बर, 2018 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

कुमार कमलेश
अपर मुख्य सचिव।

संख्या: 33/2020/09बु0वि0बो0(1) /35-1-2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के मा0 अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य/विशेष आमंत्री।
2- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
4- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5- समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

shasanadesh.up.gov.in

6- मण्डलायुक्त झांसी मण्डल, झांसी।
7 निदेशक, क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, कालाकांकर भवन, लखनऊ।
8- नियोजन विभाग/ राज्य योजना आयोग के समस्त अधिकारी/ अनुभाग।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0 यादव)
विशेष सचिव।

shasanadesh.up.gov.in